# २४ जून, २०१९ के लिए पूर्वतैयारियाँ

इस वर्ष श्रीगुरुमाई के जन्मदिवस के सुखद व आनन्दपूर्ण अवसर पर, विश्वभर से आए साधकों ने श्री मुक्तानन्द आश्रम में एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन के स्टाफ़ के सदस्यों के साथ मिलकर, महोत्सव की पूर्वतैयारियाँ करने में सेवा अर्पित की। उन्होंने रंग-बिरंगे कपकेक सहित स्वादिष्ट भोजन बनाया; हर पूजा-वेदी को बहुत सुन्दरतापूर्वक फूलों से सजाया; और सप्रेम उन्होंने पूरे आश्रम व इसकी पावन भूमि की देख-रेख की।

और कई सेवाकर्ताओं ने सीधे वीडिओ प्रसारण — जन्मदिन की जय जय! गुरुमाई की जय जय! — में अपना सहयोग दिया जो आनन्दमय जन्मदिवस २०१९ के अवसर पर, सिद्धयोग पथ की वेबसाइट के माध्यम से सम्पूर्ण सार्वभौमिक सिद्धयोग संघम् तक पहुँचा।

© २०१९ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।